कार्यालय वन वृत्त शहडोल–484001 (मध्यप्रदेश)

PHONE-245361 FAX-240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in

क्रमांक/माचि0/2018/ 716 शहडोल, दिनांक 21-01......2018

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी,
वनमण्डल उमरिया (म.प्र.)

विषय– **दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना अंतर्गत जिला उमरिया (म.प्र.) के अविद्युतीकरण ग्राम सांस से चिनकी के विद्युतीकरण हेतु 11 के.व्ही. विद्युत लाईन में प्रस्तावित वनभूमि कुल रकवा 1.098 हे. का व्यपवर्तन बावत्।**

संदर्भ– **आपका पत्र क्रमांक/माचि/2018/149 दिनांक 19.01.2018**

–000–

विषयांकित प्रकरण में संदर्भित पत्र से ग्राम सांस से चिनकी की विद्युतीकरण हेतु 11 के.व्ही. विद्युत लाईन में प्रस्तावित वनभूमि कुल रकवा 1.098 हे. का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

2. प्रस्तावित क्षेत्र का वनमण्डलाधिकारी उमरिया द्वारा दिनांक 11.01.2018 को स्थल निरीक्षण किया गया।

3. प्रस्ताव एवं स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन का अवलोकन करने पर निम्नानुसार पाई गई :–

(i). विद्युत लाईन निर्माण में कुल 438 विभिन्न प्रजाति के वृक्ष हैं।

(ii). शासन के निर्देशानुसार प्रति हेक्टेयर 50 वृक्ष काटे जाने के निर्देश है जबकि प्रस्तावित स्थल के 1.000 हेक्टेयर में 398 वृक्ष आते हैं, जो समानुपाती से अधिक हैं।

(iii). प्रस्तावित क्षेत्र में बाघ का रहवास स्थल है।

(iv). वनमण्डल उमरिया द्वारा एवं वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा की दृष्टि से अण्डर ग्राउन्ड विद्युत लाईन डाले जाने की अनुशंसा की गई है।

4. म.प्र. शासन वन विभाग/नोडल अधिकारी द्वारा समय–समय पर जारी आदेश/निर्देश का पालन करते हुये सशर्त सैद्धांतिक अनुमति जारी किया जाय।

संलग्न :– प्रस्ताव 02 प्रति।

(प्रशांत जाधव)
मुख्य वनसंरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)

पृ.क्रमांक/माचि0/2018/ 717 शहडोल, दिनांक 21-01......2018

प्रतिलिपि–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कार्यपालन अभियंता (डी.आर.सी.) म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

मुख्य वनसंरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)